सामंतवाद की सफलता के लिए पर्याप्त जनशक्ति का होना, इसकी प्रमुख आवश्यकता थी। सामंत और कृषि दास क़ानूनन साल-दर-साल जीवनपर्यंत श्रमिक के रूप में जागीरों में काम करते थे, लेकिन 1337 ई. में इंग्लैंड और फ़्राँस के बीच युद्ध छिड़ने पर दोनों देशों ने एक विशिष्ट सैन्य बल के गठन का कार्य आरंभ किया था। इससे एक शतवर्षीय युद्ध का आरंभ हुआ। यह रुक-रुक कर होने वाले संघर्षों की एक शृंखला थी, जो 1453 ई. तक चली। दोनों देशों की सेना में सामंती श्रमिकों की संख्या बढ़ गई। इससे ऐसे आम लोगों की प्रतिष्ठा में वृद्धि हुई थी, जिनके बारे में माना जाता था कि वे ठीक-ठाक सैन्य कौशल रखते हैं। इसके परिणामस्वरूप जागीरदारी व्यवस्था कमज़ोर हो गई थी।

### ब्लैक डेथ [Black Death (1348-49)]

1340 के दशक में यूरोप में बुबोनिक प्लेग फैल गया था। यह प्लेग इटली से उत्तर की ओर फैला और ब्लैक डेथ नामक जीवाणु के संक्रमण ने पश्चिमी यूरोप की कुल जनसंख्या के कम-से-कम एक-तिहाई हिस्से को अपनी चपेट में ले लिया था। फ़्राँस और इंग्लैंड के युवाओं के युद्ध में शामिल होने से कृषि उत्पादन में पहले से ही कमी हो रही थी। अब सामंतवाद के सामने एक नई चुनौती उत्पन्न हो गई थी। एक के बाद एक सामंतों को बड़ा नुक़सान उठाना पड़ा। स्थितियाँ इतनी गंभीर हो गई थीं कि पलायन को क़ानूनन दंडनीय अपराध घोषित करने के बावजूद भी बड़ी संख्या में मज़दूर बड़े शहरों की ओर चले गए थे।

### राजनीतिक बदलाव (Political Changes)

सामंतवाद एक दमनकारी व्यवस्था थी, जो बहुत सीमित व्यक्तिगत स्वतंत्रताएँ प्रदान करती थी। पुराने कानूनों किसानों को कृषि बाध्य् कर दिया था। जिससे वे दासों की श्रेणी में आ गए थे। फिर भी समय के साथ-साथ इंग्लैंड जैसे देशों में व्यक्तिगत अधिकारों की अवधारणाएँ धीरे-धीरे प्रबल हुई थीं। उदाहरण के लिए, हेनरी द्वितीय के 12वीं शताब्दी के सुधारों ने क़ानूनी अधिकारों का विस्तार किया था। 1215 ईसवी में किंग जॉन 'मैग्नाकार्टा' को मंज़ूरी देने के लिए बाध्य हो गया था। मैग्नाकार्टा जन-क़ानूनों को बनाए रखने को राजा का उत्तरदायित्व घोषित करने वाला दस्तावेज़ था।

80 वर्षों के बाद एडवर्ड प्रथम ने अंतत: आम लोगों के लिए संसदीय सदस्यता का विस्तार किया। इन सुधारों ने धीरे-धीरे कृषि दासता की अवधारणा को अक्षम्य अपराध बना दिया था।



चित्र: किंग जॉन मैग्नाकार्टा को मंज़ूरी देते हुए

**सामाजिक अशांति** (Social Unrest)

1350 के दशक तक युद्ध और बीमारी ने यूरोप की जनसंख्या को इस सीमा तक कम कर दिया कि किसानों के श्रम की महत्ता बढ़ गई थी। फिर भी कृषि दासों की स्थिति अत्यधिक दयनीय थी। उनके वेतन पर अभी भी भारी कर लगाया जाता था। जिसके चलते उनका वेतन भी कम था। इन परिस्थितियों में यूरोप के किसानों ने विद्रोह कर दिया था। 1350 और 1390 के दशक के बीच इंग्लैंड, फ्लैंडर्स (वर्तमान बेल्जियम का डच भाषी उत्तरी भाग), फ्राँस, इटली, जर्मनी और स्पेन में विद्रोह हुए थे। 1381 ईसवी में एक ब्रिटिश विद्रोह के बाद रिचर्ड द्वितीय ने दास प्रथा को समाप्त करने का वादा किया था। यद्यपि फिर वह अपने वादे को पूरा करने में असफल रहा, तथापि अगली शताब्दी में दास प्रथा समाप्त हो गई थी।

**कृषि-दासों की मुक्ति** (Liberation of the Serfs)

व्यापार और वाणिज्य में तीव्र वृद्धि के कारण कृषि-दासों की मुक्ति ने भी सामंतवाद के पतन में बहुत बड़ा योगदान दिया था। व्यापार और वाणिज्य के विकास के साथ कई नए शहरों और कस्बों का भी विकास हुआ, जिससे काम के नए अवसर उपलब्ध हुए। नए शहरों में काम करने से कृषि-दासों को अपने सामंती मालिकों/स्वामियों से मुक्त होने का अवसर मिला था।

**धर्म युद्ध** (Holy Wars)

1095 ईसवी में पोप ने पवित्र भूमि को मुक्त कराने के लिए ईश्वर के नाम पर युद्ध का आह्वान करने में बाइज़ेंटाइन सम्राट का साथ दिया था। 1095 ईसवी से 1291 के बीच पश्चिमी यूरोपीय ईसाइयों ने पूर्वी भूमध्यसागर (Levant) के तटीय मैदानों पर मुस्लिम शहरों के विरुद्ध युद्ध की योजना बनाई और युद्ध लड़े। इन युद्धों को बाद में धर्मयुद्ध का नाम दिया गया।

धर्मयुद्ध ने सामंती व्यवस्था के पतन में बहुत बड़ा योगदान दिया। इन युद्धों के परिणामस्वरूप यूरोपीय लोगों ने मुसलमानों से बारूद का उपयोग करना सीखा। बारूद की खोज ने सामंती महलों के महत्त्व को बहुत कम कर दिया था। परिणामस्वरूप, सामंती कुलीनों के लिए इन महलों में शरण लेना और राजा की सत्ता की अवहेलना करना संभव नहीं रह गया था।

**अन्य कारण** (Other Causes)

कई अन्य कारणों से भी सामंतवाद का पतन हुआ था; जैसे:

- मध्यकाल के दौरान धर्मयुद्ध और खोजी यात्राओं ने इंग्लैंड के लिए नए व्यापार के विकल्प खोल दिए थे।
- इंग्लैंड भूमि-आधारित अर्थव्यवस्था से धन-आधारित अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ने लगा था।
- किसान विद्रोह – किसानों को अपनी कीमत का अनुभव हुआ और उन्होंने परिवर्तन की माँग की।
- व्यापार में वृद्धि से अधिक शहरों का विकास हुआ।
- किसान गाँवों से दूर शहरों की ओर पलायन कर गए, जहाँ अंततः उन्हें अपनी स्वतंत्रता प्राप्त हुई।
- भूमि किराए पर दी जाने लगी और श्रमिकों पर सामंतों का अधिकार कम हो गया।
- सामंती व्यवस्था अलोकप्रिय होती गई और जैसे-जैसे समय बीतता गया, कुलीन वर्ग ने लड़ने और सेना बढ़ाने के बजाय, राजा को भुगतान करना उचित समझा।
- सैनिकों को वेतन दिया जाने लगा और मध्यकालीन युद्ध को करों व ऋणों द्वारा वित्त-पोषित किया जाता था।
- कुलीन वर्ग कमज़ोर हो गए – राजाओं ने सामंतों को दी गई अपनी भूमि और शक्ति वापस ले ली थी।

## 1.3 चर्च की भूमिका (Role of Church)

मध्यकाल के उत्तरार्द्ध में यूरोपवासियों में ईश्वर के साथ प्रत्यक्ष जुड़ाव की इच्छा थी, फिर चाहे वह जुड़ाव निजी हो, आंतरिक उल्लास के रूप में या रहस्यमयी प्रबोधन के रूप में हो। ईसाई धर्म प्रचारकों ने ईसा मसीह के जीवन का अनुकरण करने के लिए उसे एक मॉडल के रूप में उपयोग करते हुए, खुद को धर्म-प्रचारक समुदायों में संगठित करना आरंभ कर दिया था। धर्म-संबंधी भावनाएँ तथा ईसा मसीह के साथ होने और उनके अनुयायी बनने की प्रथा बढ़ रही थी।




मध्य-काल के दौरान, चर्च दैनिक जीवनचर्या का एक प्रमुख हिस्सा था। चर्च लोगों के आध्यात्मिक मार्गदर्शन का कार्य भी करता था और उनकी सरकार के रूप में भी काम करता था। मध्यकालीन यूरोपीय जीवन में चर्च सबसे प्रमुख संस्था थी और इसका प्रभाव लोगों के जीवन के लगभग हर आयाम पर था।

इसके धार्मिक संस्कारों ने कैलेंडर को एक रूप दिया तथा इसके धार्मिक अनुष्ठानों ने लोगों के जीवन में महत्त्वपूर्ण संस्कारों को चिह्नित किया; जैसे- बपतिस्मा, विवाह, तपस्या, पवित्र आदेश और

अंतिम संस्कार इत्यादि। इसकी शिक्षाएँ नैतिकता, जीवन के अर्थ और उसके बाद के जीवन के बारे में मुख्यधारा की मान्यताओं को रेखांकित करती थीं। हालाँकि वर्तमान में चर्च की भूमिका सीमित है।

## पोप (Pope)

पश्चिमी चर्च का मुख्यालय रोम में था। मध्यकाल के अधिकांश समय यह पोप का मुख्य निवास स्थान रहा था। पश्चिमी चर्च ने मानव जीवन के लगभग सभी क्षेत्रों पर अपना नियंत्रण और शक्तियाँ बनाए रखी थीं।

## चर्च प्रणाली (Church System)

कैथोलिक चर्च के अपने क़ानून थे। शासकों द्वारा दी गई भूमि, चर्च के स्वामित्व में थी और चर्च उस पर कर भी लगा सकता था। इस प्रकार यह एक बहुत शक्तिशाली संस्था थी, जो सामान्यत: राजा पर निर्भर नहीं थी। पश्चिमी चर्च का मुखिया पोप था। वह रोम में रहता था। यूरोप में ईसाइयों का मार्गदर्शन बिशपों और पादरियों द्वारा किया जाता था, जो इस प्रणाली के उच्च पदानुक्रम में आते थे। अधिकांश गाँवों का अपना चर्च होता था, जहाँ लोग हर रविवार को पादरियों के उपदेश सुनने और एकसाथ प्रार्थना करने के लिए एकत्रित होते थे।

1054 ईसवी में यूरोपीय ईसाई चर्च दो प्रमुख शाखाओं में विभाजित हो गया था - पश्चिमी चर्च और पूर्वी चर्च। इस विभाजन को "महान पूर्वी विभाजन" या "1054 ईसवी की फूट" के रूप में जाना जाता है। पूर्वी चर्च ने अपना नाम पूर्वी रूढ़िवादी चर्चा रखा और पश्चिमी चर्च ने अपना नाम रोमन कैथोलिक चर्च (Roman Catholic Church) रखा। पूर्वी रूढ़िवादी चर्च (Eastern Orthodox Church) ने सार्वभौमिक ईसाई धर्म पर पोप की केंद्रीय सत्ता को स्वीकार करने से मना कर दिया था।

एक प्रमुख शक्ति के रूप में चर्च की सफलता का श्रेय काफ़ी हद तक इससे एक अत्यधिक विकसित संगठन को दिया जा सकता है, जिसने मध्यकाल के दौरान शासन, क़ानून और अर्थव्यवस्था की एक मज़बूत प्रणाली विकसित की थी। संस्थागत चर्च को दो असमान भागों में विभाजित किया जा सकता है: दोनों में से जो बड़ा चर्च था, वह एक पंथनिरपेक्ष चर्च था, जबकि दूसरा नियमित चर्च था। नियमित चर्च के सदस्य एक मठ के नियमों की तरह नियम-पालन करते थे। पंथनिरपेक्ष चर्च, जिसमें सामान्य जनता प्रार्थना हेतु जाती थी, को आर्कबिशप (Archbishop) द्वारा शासित क्षेत्रों में विभाजित किया गया था और उनके क्षेत्रों को पादरी क्षेत्रों (Diocese) में विभाजित किया गया था। पादरी क्षेत्रों को बिशप द्वारा प्रशासित किया जाता था।

## धार्मिक आदेश (Religious Orders)

मध्यकाल में कई अन्य धार्मिक आदेश जारी किए गए, जिनमें से कुछ कठोर थे, तो कुछ उदार थे। इन्हें मठ आदेश, भिक्षुक आदेश और सैन्य आदेश के रूप में वर्गीकृत किया जा सकता है।

## तीर्थयात्रा (Pilgrimages)

मध्यकाल में संतों के शारीरिक अवशेष और उनसे जुड़ी वस्तुएँ तीर्थयात्रियों के लिए मुख्य आकर्षण थीं। तीर्थस्थानों की यात्राओं का उद्देश्य भक्तों द्वारा अपने पापों का प्रायश्चित करना, रोगों/कष्टों के लिए चमत्कारी उपाय खोजना और अपने सांसारिक अनुभव को बढ़ाने में सक्षम बनाना था।

## मठ (Monasteries)

प्रारंभ में मठ उच्च शिक्षा के संस्थान थे और भिक्षुकों के नैतिक जीवन के उत्थान व गरीबों के कल्याण के लिए काम करते थे, लेकिन जल्द ही मठों में भ्रष्टाचार फैल गया था। मध्यकाल (600 ई. से 1500 ई.) में चर्च में निम्नलिखित बुराइयाँ आ गई थीं:

- चर्च के पदों के लिए धन + प्रत्येक अनुष्ठान के लिए धन + चर्च की अकूत संपत्ति
- पाप दूर करने के लिए धन की माँग की जाती थी। उदाहरण के लिए, चर्च ने "पाप-मोचन पत्र (Letters of Indulgence)" बेचना शुरू कर दिया था, जिसे ख़रीदने पर पापों को दूर करने के लिए तीर्थयात्रा करने की आवश्यकता समाप्त हो गई।
- मध्यकाल में चर्च शिक्षा के लिए एकमात्र संस्था थी, लेकिन भिक्षु बनकर ही यह शिक्षा ग्रहण की जा सकती थी। वे लैटिन भाषा में पढ़ाते थे, जो आम लोगों की समझ के बाहर थी।
- चर्च ने "वर्ष में एक बार" पादरी के सामने पाप स्वीकार करना अनिवार्य कर दिया था और इस नियम का उल्लंघन करने पर दंड अनिवार्य कर दिया था।
- पोप, पादरी, बिशप आदि भ्रष्ट हो गए थे और राजकुमारों की तरह जीवन जीते थे।

तर्क, ज्ञान और विज्ञान को हतोत्साहित किया गया था, जबकि अंधविश्वास (Superstition), और जादू-टोने के प्रति। लोगों के विश्वास में वृद्धि हुई और चर्च हिंसक होने लगा था। इसने उन लोगों को जलाने का आदेश दिया, जिन्होंने ईश्वर, धर्म और भौतिक घटनाओं तक के बारे में चर्च के विचारों का विरोध किया हो। ऐसा "धर्मद्रोह (Heresy)" के नाम पर किया जाने लगा। कई वैज्ञानिकों-विचारकों को चर्च ने सज़ा दी थी, जब उन्होंने ऐसे वैज्ञानिक सिद्धांत प्रस्तावित किए, जो उन सिद्धांतों को अमान्य कर देते थे, जिन्हें चर्च ने ईश्वर की महिमा करने के लिए प्रचारित किया था; जैसे- पृथ्वी चपटी है या पूरा ब्रह्मांड पृथ्वी के चारों ओर घूमता है। उनमें से कई को चुड़ैलों और बुरी आत्माओं से ग्रसित बताकर ज़िंदा जला दिया गया था।

## मतभेद (Dissent)

चर्च ने अंदर और बाहर के सभी असहमत लोगों पर अत्याचार और दंड दिए। जो ईसाई चर्च की शिक्षाओं से असहमत थे, उन्हें धर्मद्रोही माना जाता था और उन्हें शारीरिक रूप से दंडित किया

जा सकता था यहाँ तक की मृत्यु दंड भी दिया जा सकता था। अन्य धर्मों के लोगों के साथ भी कठोर व्यवहार किया जाता था। जो यहूदी, ईसाई क्षेत्रों में रहते थे, उन्हें अधिक प्रताड़ित किया जाता था। गैर-ईसाइयों और विधर्मियों के विरुद्ध 1095 ईसवी में मध्य-पूर्व क्षेत्र में एक सशस्त्र अभियान के साथ धर्मयुद्धों की शुरुआत हुई थी। मध्य युग को 'आस्था का युग' भी कहा जाता था।

पूरे यूरोप में 'ग़ैर-ईसाई लोगों पर अत्याचार किया गया और बड़े पैमाने पर हत्याएँ और धर्मांतरण हुए।

## शिक्षा (Education)

मध्यकाल में पोप ने आदेश दिया कि चर्च कैथेड्रल स्कूलों का निर्माण करेगा, जो पादरी वर्ग के भावी सदस्यों को शिक्षित करने के लिए तैयार किए गए संस्थान होंगे। उनकी सफलता के कारण 12वीं शताब्दी में यूरोपीय विश्वविद्यालयों का विकास हुआ, जिनका शैक्षिक दायरा तेज़ी से धार्मिक प्रशिक्षण से आगे बढ़कर चिकित्सा और क़ानून के क्षेत्रों तक फैल गया। विश्वविद्यालयों के विकास का अर्थ था कि लैटिन में प्रारंभिक शिक्षा के लिए अधिक पुरुषों की आवश्यकता थी। विश्वविद्यालय में पढ़ने के लिए तब लैटिन की शिक्षा अनिवार्य थी। इस आवश्यकता को पूरा करने के लिए चर्च ने प्राथमिक शिक्षा की भी व्यवस्था की, जो पुरुषों को विश्वविद्यालयी अध्ययन के लिए तैयार करती थीं। विश्वविद्यालयों और प्राथमिक शिक्षण संस्थानों के निर्माण के माध्यम से कैथोलिक चर्च ने साक्षरता का विस्तार किया और बौद्धिक जिज्ञासा के विकास को बढ़ावा दिया।

## अर्थव्यवस्था (Economy)

1095 ईसवी में पोप अर्बन द्वितीय ने यूरोपीय लोगों से मध्य-पूर्व पर युद्ध की घोषणा करने और येरूशलम को मुसलमानों से वापस लेने का आग्रह किया। इससे धर्मयुद्ध प्रारंभ हुए, जो 13वीं शताब्दी तक चले। धर्मयुद्ध सामान्यतः असफल रहे, लेकिन इसके परिणामस्वरूप यूरोप में बड़े आर्थिक परिवर्तन हुए।


पोप अर्बन द्वितीय

परिवर्तन इसलिए हुए, क्योंकि धर्मयुद्ध के कारण आर्थिक स्थिति कमज़ोर हो गई थी, और इसके लिए धनी यूरोपीय लोगों को बड़ी मात्रा में धन ख़र्च करना पड़ रहा था। धर्मयुद्ध के वित्त-पोषण के लिए चर्चों और कुलीन वर्ग लोगों ने संपत्ति बेची और ऋण लिया। उन्होंने विभिन्न सेवाओं के लिए निम्न वर्ग के लोगों को भी भुगतान किया। इन कारणों से यूरोपीय धन का बड़े पैमाने पर पुनर्वितरण हुआ। इसी समय, मध्य-पूर्व के माध्यम से नए व्यापार मार्गों, श्रेणियों के गठन और आधुनिक ऋण संस्थानों के निर्माण से आधुनिक अर्थव्यवस्थाओं का जन्म हुआ तथा मध्यम वर्ग का उदय हुआ।


प्रथम धर्मयोद्धाओं का चित्र

## समाज (Society)

जैसे ही 13वीं शताब्दी के अंत में धर्मयुद्ध समाप्त हुआ, यूरोप में व्यापार-वाणिज्य का विकास शुरू हुआ, जिससे यूरोपीय समाज में दो नए वर्गों का उदय हुआ: मध्यम वर्ग और अत्यंत गरीब वर्ग। कैथोलिक चर्च ने आक्रामक तरीके से ग़रीबों की रक्षा की और इस बात पर बल दिया कि वे बुनियादी अधिकारों के हक़दार हैं। चर्च ने अपनी अदालतों में ग़रीबों को अदालती शुल्क से छूट देकर और मुफ़्त क़ानूनी सलाह, भोजन, आश्रय व शिक्षा प्रदान करके, उनकी रक्षा करने का प्रयास किया।

## धर्म (Religion)

मध्यकालीन जीवन के लगभग हर क्षेत्र में धर्म अत्यधिक महत्त्वपूर्ण था। यूरोप में अधिकांश लोग रोमन कैथोलिक चर्च के का अनुसरण करते थे। उस काल में चर्च के पास अपार धन था और उसका राजनीतिक शक्ति, सामुदायिक जीवन, कला, वास्तुकला व शिक्षा पर प्रभाव था।

# 1.4 पुनर्जागरण (Renaissance)

पुनर्जागरण शब्द का अर्थ उन सभी बौद्धिक परिवर्तनों से है, जो मध्यकाल के अंत में देखे जा सकते थे। फ़्राँसीसी भाषा में पुनर्जागरण शब्द का अर्थ 'पुनर्जन्म' (Rebirth) होता है, जो बौद्धिक और आर्थिक परिवर्तनों को सूचित करता है। यह यूरोपीय इतिहास में 14वीं से 17वीं शताब्दी तक का कालखंड था, जिसे मध्य युग और आधुनिक इतिहास के बीच सांस्कृतिक सेतु माना जाता है। इसके फलस्वरूप जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में नवीन चेतना आई। यह मध्यकाल के अंत में इटली में एक सांस्कृतिक आंदोलन के रूप में शुरू हुआ और बाद में यूरोप के बाक़ी हिस्सों में फैल गया, जिससे प्रारंभिक आधुनिक युग आरंभ हुआ।

ये परिवर्तन सामंतवाद के पतन, प्राचीन साहित्य के अध्ययन, राष्ट्र राज्यों के उदय, आधुनिक विज्ञान की शुरुआत, बारूद और कंपास के आविष्कार, नए व्यापारिक मार्गों की खोज और प्राथमिक पूँजीवाद के आरंभ आदि का संकेत देते हैं।

पुनर्जागरण का बौद्धिक आधार मानवतावाद का अपना नवीन संस्करण था, जो प्राचीन ग्रीक दर्शन की पुनः खोज से प्राप्त हुआ था; जैसे- प्रोटागोरस, जिसने कहा था कि "मनुष्य सभी वस्तुओं का मापदंड है"। ये नए विचार कला, वास्तुकला, राजनीति, विज्ञान और साहित्य में प्रकट हुए। प्रारंभिक उदाहरण तैल-चित्रकला (Oil-painting) में परिप्रेक्ष्य तकनीक का विकास और कंक्रीट निर्माण का पुनर्नवीनीकृत ज्ञान थे। यद्यपि 15वीं शताब्दी के अंत में धातु के पहिए के आविष्कार ने विचारों के प्रसार को गति दी, फिर भी पुनर्जागरण के दौरान हुए परिवर्तन पूरे यूरोप में समान रूप से अनुभव नहीं किए गए थे।


प्रोटागोरस

## पुनर्जागरण के कारण (Causes of Renaissance)

### धर्मयुद्ध (Crusades)

11वीं सदी के अंत से 13वीं सदी के अंत तक यूरोप में मुसलमानों से पवित्र भूमि, येरूशलम को पुनः प्राप्त करने के लिए किए गए सैन्य अभियानों को धर्मयुद्ध कहा गया। इन धर्मयुद्धों में ईसाई लोग पूर्व के प्रबुद्ध लोगों के संपर्क में आए। ग़ौरतलब है कि पूर्वी देशों में अरबों ने यूनानी एवं भारतीय सभ्यता से संपर्क स्थापित कर अपनी सभ्यता को समृद्ध किया था।

धर्मयुद्ध ने समुद्री यात्राओं और भूगोल के अध्ययन को प्रोत्साहित किया। यूरोपीय लोग लंबी यात्राओं पर निकले। ऐसे में सैनिकों ने कई लोगों से संपर्क स्थापित किए और उनसे नए विचार प्राप्त किए। जब वे वापस आए, तो धर्मयोद्धाओं का बौद्धिक स्तर बहुत व्यापक हो चुका था। उन्होंने यूरोपीय अलगाव को समाप्त करने में सहायता की थी।

### वाणिज्यिक समृद्धि (Commercial Prosperity)

धर्मयोद्धाओं (Crusaders) ने पूर्वी देशों के साथ व्यापारिक संबंध स्थापित किए। कई यूरोपीय व्यापारी एशिया माइनर और येरूशलम के तट पर बस गए थे। परिणामस्वरूप, व्यापार में अत्यधिक वृद्धि हुई, जिसने पुनर्जागरण की भावना को बढ़ावा दिया।

### कागज़ और प्रिंटिंग प्रेस (Paper and the Printing Press)

मध्यकाल में यूरोपीय लोगों ने अरबों से कागज़ बनाना सीखा। 15वीं शताब्दी के मध्य में जर्मनी के जोहांस गुटेनबर्ग ने एक टाइप मशीन का आविष्कार किया, जिसे कई लोग आधुनिक प्रिंटिंग मशीन की आद्यप्रारूप (Prototype) मानते हैं। प्रिंटिंग प्रेस के आविष्कार ने बौद्धिक विकास का मार्ग प्रशस्त किया।

अब ज्ञान पर विशेष व्यक्तियों का एकाधिकार समाप्त हो गया था। पुस्तकों के माध्यम से ज्ञान के प्रसार के साथ अंधविश्वास और रूढ़िवादी प्रथाएँ कमज़ोर हुईं और लोगों में आत्मविश्वास बढ़ा। इसके साथ ही साक्षरता की इच्छा के साथ-साथ सांस्कृतिक जागरूकता के प्रयासों को भी गति मिली। वे अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हुए। मनुष्य की महानता ने यूरोपीय समाज को अंधविश्वासों से अलग होकर, तर्क का मार्ग दिखाया।

### तुर्कों द्वारा कुस्तुनतुनिया पर कब्ज़ा (Capture of Constantinople by the Turks)

1453 ईसवी में तुर्कों ने पूर्वी रोमन साम्राज्य की राजधानी कुस्तुनतुनिया पर अधिकार कर लिया। इसके साथ पूर्वी रोमन साम्राज्य हमेशा के लिए समाप्त हो गया था और इसके परिणामस्वरूप, पश्चिमी यूरोप में फैली शिक्षा की लौ ने एक नए युग के आगमन में सहायता की।

### मंगोलियाई साम्राज्य का उदय (Rise of the Mongolian Empire)

विशाल मंगोलियाई साम्राज्य ने पुनर्जागरण के जन्म में योगदान दिया। चंगेज़ खान की मृत्यु के बाद कुबलई खान ने एक विशाल और शक्तिशाली साम्राज्य की स्थापना की थी। मंगोलियाई राज्य परिषद् पोप के दूत, भारत के बौद्ध भिक्षु, पेरिस, इटली और चीन के शिल्पकारों व भारत के गणितज्ञों और ज्योतिषियों द्वारा सम्मानित व गौरवान्वित था। उस काल में पर्किंग (काबुल) और समरकंद अंतर्राष्ट्रीय केंद्र बन गए थे। इसलिए पूर्व और पश्चिम निकट संपर्क में आए तथा विभिन्न देशों के लोगों के साथ संपर्क एवं विचारों के आदान-प्रदान ने यूरोपियों को अत्यधिक प्रभावित किया।


चंगेज़ खान

### नवीन कला एवं साहित्य को प्रोत्साहन (Encouragement for New Art and Literature)

कई राजाओं, सरदारों और व्यापारियों ने नवीन साहित्य व कला को प्रोत्साहित किया। फ्राँस के शासक फ्राँसिस प्रथम, इंग्लैंड के राजा हेनरी अष्टम्, स्पेन के राजा चार्ल्स पंचम्, पोलैंड के राजा सिगिस्मंड प्रथम ने अनेक नवीन विचारों वाले व्यक्तियों को अपने दरबार में आमंत्रित किया और उन्हें संरक्षण दिया। फ्लोरेंस के शासक लोरोंजो-डी-मेडिसी ने कई कलाकारों को अपने दरबार में आमंत्रित किया और अपने को विभिन्न प्रकार की कलाकृतियों से सुसज्जित कराया। इन शासकों के प्रगतिशील विचारों ने पुनर्जागरण को गति प्रदान की थी।


फ़्रांसिस प्रथम

## पुनर्जागरण की अभिव्यक्तियाँ (Expressions of Renaissance)

### मानवतावाद (Humanism)



निकोलस और थॉमस मूर

कई अर्थों में मानवतावाद न केवल एक दर्शन है, बल्कि अध्ययन का एक दृष्टिकोण भी है। मध्यकाल की शैक्षिक प्रणाली, जो लेखकों के बीच विरोधाभासों को हल करने पर केंद्रित थी, के विपरीत मानवतावादी, प्राचीन ग्रंथों का मूल रूप से अध्ययन करते थे और तर्क व अनुभवजन्य साक्ष्यों के संयोजन (Combination) के माध्यम से उनका मूल्यांकन करते थे। मानवतावादी शिक्षा पाँच मानविकी विषयों के अध्ययन पर आधारित थी: कविता, व्याकरण, इतिहास, नैतिक दर्शन और अलंकारशास्त्र।

मानवतावादी विद्वानों ने प्रारंभिक आधुनिक काल में बौद्धिक परिदृश्य को आकार दिया। निकोलस मैकियावेली और थॉमस मूर जैसे राजनीतिक दार्शनिकों ने ग्रीक और रोमन विचारकों के विचारों को पुनर्जीवित किया व उनके विचारों को समकालीन सरकार की आलोचना के संदर्भ में प्रस्तुत किया। मानवतावाद का उद्देश्य एक ऐसे सार्वभौमिक व्यक्ति का निर्माण करना था, जिसका व्यक्तित्व बौद्धिक और शारीरिक उत्कृष्टता से युक्त हो तथा जो किसी भी स्थिति में सम्मानपूर्वक कार्य करने में सक्षम हो।

### कला (Arts)



लियोनार्डो द विंची

परिप्रेक्ष्य (Perspective) का विकास, कला में यथार्थवाद की ओर एक व्यापक दृष्टिकोण का हिस्सा था। चित्रकारों ने प्रकाश, छाया, प्रकाशिकी और ज्यामिति का अध्ययन करते हुए अन्य तकनीकें विकसित की थीं। उदाहरण के लिए, लियोनार्डो द विंची ने मानव शरीर का विश्लेषण किया, जिससे मानवीय हाव-भाव और अभिव्यक्त संकेतों की अभिव्यक्तियों को चित्रित किया जा सका। कलात्मक प्रणाली में इन परिवर्तनों के पीछे प्रकृति की सुंदरता को चित्रित करने और सौंदर्यशास्त्र के सिद्धांतों को प्रकट करने की एक नई इच्छा थी। लियोनार्डो, माइकल एंजेलो और रफेल के कार्यों का अन्य कलाकारों द्वारा अनुकरण किया गया था। अन्य महत्त्वपूर्ण चित्रकारों में सैंड्रो बोटिसेली (Sandro Botticalli) जो फ्लोरेंस में मेडिसी के लिए कार्य करता था, डोनोटेलो (Donatello), यह भी प्लोरेंस से संबंधित था, टिटियन (वेनिस) आदि सम्मिलित थे।

### विज्ञान (Science)



क्रिस्टोफर कोलंबस

प्रारंभिक पुनर्जागरण में विज्ञान और कला का मिश्रण हुआ। वैज्ञानिक सिद्धांत पर सवाल उठाने के लिए एक उपयुक्त वातावरण विकसित हो गया था। क्रिस्टोफर कोलंबस द्वारा 1492 ईसवी में की गई नई दुनिया (अमेरिका) की खोज ने प्राचीन वैश्विक दृष्टिकोण को चुनौती दी। टॉलमी (भूगोल में) और गैलेन (चिकित्सा में) के वैज्ञानिक कार्यों ने नए वैज्ञानिक आधार प्रस्तुत किए।



टॉलमी और गैलेन

इस नवीन खोज की प्रक्रिया में एक और महत्त्वपूर्ण विकास वैज्ञानिक प्रणाली का था, जिसमें अरिस्टोटेलियन विज्ञान (अरस्तू के विचार) को त्यागते हुए अनुभव-आधारित साक्ष्य और गणित के महत्त्व पर ध्यान केंद्रित किया गया था। इन विचारों के प्रारंभिक और प्रभावशाली समर्थकों में कॉपरनिक्स, गैलीलियो और फ्राँसिस बेकन शामिल थे।



कॉपरनिक्स, गैलीलियो और फ्राँसिस बेकन

फ्राँसिस बेकन, जिसे आधुनिक विज्ञान के जनक के रूप में जाना जाता है, ने विचार दिया कि सत्य को प्रयोग द्वारा पहचाना जाना चाहिए। कॉपरनिकस ने अपनी पुस्तक 'ऑन द रेवोल्यूशन ऑफ़ द सेलेस्टियल बॉडी' (On the Revolution of the Celestial Body) में कहा कि "सूर्य स्थिर है; पृथ्वी और अन्य ग्रह सूर्य के चारों ओर चक्कर लगाते हैं।" उसका विचार उस मध्ययुगीन मान्यता के विपरीत था कि "पृथ्वी ब्रह्मांड का केंद्र है।

कॉपरनिकस के इस विचार को प्रसिद्ध जर्मन वैज्ञानिक जॉन केप्लर के सिद्धांत ने आधार प्रदान किया था। हालाँकि, उसने इस

दृष्टिकोण में परिवर्तन करते हुए कहा कि पृथ्वी और अन्य ग्रह सूर्य के चारों ओर 'वृत्ताकार पथ' के बजाय "दीर्घवृत्तीय कक्षा" में घूमते हैं। इससे चिंतन के क्षेत्र में आधारभूत परिवर्तन आए।

इस युग का एक अन्य महान वैज्ञानिक इटली का गैलीलियो था। उसने दूरबीन (Telescope) का आविष्कार किया। इस उपकरण के माध्यम से उसने सिद्ध कर दिया कि कॉपरनिकस का सिद्धांत बिल्कुल सत्य था। उसने आगे सिद्धांत दिया और सिद्ध किया कि 'आकाशगंगा' में कई तारे हैं।


जॉन केप्लर

उस युग के इंग्लैंड के एक प्रतिष्ठित वैज्ञानिक सर आइज़ैक न्यूटन थे। उन्होंने अपनी प्रसिद्ध पुस्तक 'प्रिंसिपिया' (Principia) में 'गुरुत्वाकर्षण के नियम' के बारे में बताया। उनके 'गति के सिद्धांत' ने उन्हें एक महान वैज्ञानिक के रूप में भी ख्याति दिलाई। 'ज्वार-भाटा के कारणों' की खोज भी उन्होंने ही की थी।

पुनर्जागरण काल में विज्ञान ने शरीर रचना विज्ञान (Anatomy) में क्रांतिकारी परिवर्तन किया। चिकित्सा वैज्ञानिक वेसैलियस ने मानव शरीर के विभिन्न भागों; जैसे- कंकाल, उपास्थि, मांसपेशियों, धमनियों, पाचन तंत्र, प्रजनन प्रणाली, फेफड़े और मस्तिष्क के बारे में बताया।

विलियम हार्वे एक अंग्रेज़ी चिकित्सक और शरीर-रचना विज्ञानी था। 1628 ईसवी में उसने "रक्त परिसंचरण की प्रक्रिया" (Process of Blood Circulation) की खोज की। उसने बताया कि रक्त हृदय से धमनियों में जाता है और फिर शिराओं द्वारा है व फिर वापस हृदय में आता है। उसका योगदान नि:संदेह आधुनिक चिकित्सा विज्ञान के लिए एक वरदान था।

नई वैज्ञानिक प्रणाली ने खगोल विज्ञान, भौतिकी, जीव विज्ञान और शरीर-रचना विज्ञान के क्षेत्र में महान योगदान दिया। व्यावहारिक नवाचार का विस्तार वाणिज्य के क्षेत्र में भी हुआ।

### धर्म (Religion)

मानवतावाद के नए आदर्श, जो कुछ पहलुओं में अधिक पंथनिरपेक्ष थे, ईसाई पृष्ठभूमि में विकसित हुए। नई कला के बहुत-से कार्य चर्च द्वारा या उसके प्रति समर्पण के रूप में शुरू किए गए थे। हालाँकि, पुनर्जागरण का समकालीन धर्मशास्त्र पर गहरा प्रभाव पड़ा, विशेषकर जिस तरह से लोगों ने मनुष्य और ईश्वर के बीच संबंध को समझा।


जॉन कैल्विन

उस काल के कई अग्रणी धर्मशास्त्री मानवतावादी तरीक़ों के पक्षधर थे, जिनमें मार्टिन लूथर और जॉन कैल्विन भी शामिल थे। इरास्मस और लूथर जैसे पादरियों ने चर्च में सुधार का प्रस्ताव रखा, जो सामान्यत: न्यू टेस्टामेंट की मानवतावादी पाठ्य आलोचना पर आधारित था। अक्टूबर, 1517 में लूथर ने 95 शोध-पत्र प्रकाशित किए। इन शोध-पत्रों में पोप की सत्ता को चुनौती दी गई और इस सत्ता के कथित भ्रष्टाचार की आलोचना की गई, विशेष रूप से पाप-मोचन पत्र के मामले में।


मार्टिन लूथर

95 शोध-पत्रों ने सुधार का नेतृत्व किया और रोमन कैथोलिक चर्च से संबंध तोड़ दिए, जो पहले पश्चिमी यूरोप में आधिपत्य का दावा करता था।

इसलिए मानवतावाद और पुनर्जागरण ने सुधार को बढ़ावा देने के साथ-साथ कई अन्य समकालीन धार्मिक विवादों और संघर्षों में प्रत्यक्ष भूमिका निभाई।

### वास्तुकला (Architecture)


मिलान का कैथेड्रल

इटली की वास्तुकला काफ़ी हद तक पुनर्जागरण की भावना से प्रभावित थी। इस समय के भवन-निर्माताओं ने प्राचीन ग्रीस और रोमन शैली व प्रारूप का अनुसरण करते हुए कई चर्च, महल और विशाल इमारतों का निर्माण कराया था। चर्चों और महलों के नुकीले मेहराबों को गोल मेहराबों, गुंबदों या ग्रीक पूजास्थलों की सीधी रेखाओं द्वारा प्रतिस्थापित किया गया था।

इटली का एक शहर 'फ्लोरेंस' कला-जगत का केंद्र बन गया था। 'सेंट पीटर्स चर्च ऑफ़ रोम', 'कैथेड्रल ऑफ़ मिलान' और 'पैलेस ऑफ़ वेनिस एंड फ्लोरेंस' पुनर्जागरण वास्तुकला के कुछ प्रमुख उदाहरण थे। समय के साथ, पुनर्जागरण वास्तुकला फ्राँस और स्पेन तक फैल गई थी।



रोम का संट पीटर्स चर्च

### चित्रकला (Painting)

पुनर्जागरणकालीन चित्रकारों ने सौंदर्य संबंधी पक्षों (Asthetic aspects) की जगह यथार्थवादी चित्रण (Realistic depictions) को प्राथमिकता दी। मानव आकृति को यथासंभव यथार्थ रूप में प्राय: प्रकृति की पृष्ठभूमि के साथ चित्रित किया गया था। धार्मिक कला पर कम बल दिया गया था। विज्ञान ने कलाकारों को परिप्रेक्ष्य की अवधारणा (Concept of perspective) को समझने में सहायता की। रैखिक परिप्रेक्ष्य की सबसे अनूठी विशेषता यह है कि जैसे-जैसे पर्यवेक्षक से उसकी दूरी बढ़ती है, वस्तुएँ छोटी दिखाई देती हैं। ऐसे में छोटी चित्रित की गई वस्तुएँ वास्तव में ऐसी दिखती थीं, मानो वे बहुत दूर हों। प्रकाश के उपयोग से बनी आकृतियाँ वास्तविक लगती हैं। उस समय के प्रसिद्ध कलाकारों में निम्नलिखित लोग शामिल हैं:

- बोटिसेली (Botticelli), फ्लोरेंस (इटली) में प्रसिद्ध मेडिसी परिवार का सदस्य था। उसने वेटिकन के सिस्टिन चैपल में तीन भित्ति-चित्र/लेप-चित्र (Fresco) बनाए थे। फ्रेस्को, भित्ति चित्रकला (Mural Painting) की एक चित्रकला तकनीक है, जिसमें ताज़े प्लास्टर पर पानी में पतले खनिज-आधारित वर्णक से चित्रकला बनाई जाती है। प्लास्टर सूखने के बाद एक रासायनिक अभिक्रिया रंगद्रव्य और प्लास्टर को एक साथ बाँध देती है।
- लियोनार्डो द विंची को एक सर्वकालिक महान विचारक माना जाता है। वह एक वास्तुकार, संगीतकार, इंजीनियर, वैज्ञानिक, गणितज्ञ, वनस्पतिशास्त्री और आविष्कारक था। प्रसिद्ध 'मोना लिसा' और 'द लास्ट सपर' चित्रकलाएँ विंची की हैं।
- माइकल एंजेलो को कुछ लोग अब तक का सबसे महान कलाकार और मूर्तिकार मानते हैं। वह इतालवी पुनर्जागरण का एक महान नेता था। उसकी प्रसिद्ध कृति वेटिकन में सिस्टिन चैपल (Sistine chapel) की चित्रकला थी। छत ओल्ड टेस्टामेंट के इतिहास को दर्शाती है और इसमें 300 से अधिक तथ्य अंकित/चित्रित हैं। उसने मूर्तिकला, चित्रकला, कविता और वास्तुकला के लिए मानक निर्धारित किए थे।



लास्ट सपर: लियोनार्डो द विंची



मोनलिसा: लियोनार्डो द विंची

मूर्तिकार के रूप में माइकल एंजेलो की प्रतिभा ने प्राचीन यूनानियों को भी टक्कर दी थी। वह एक महान चित्रकार और वास्तुकार भी था।



लास्ट जजमेंट: माइकल एंजेलो



मनुष्य का पतन: माइकल एंजेलो

राफेल, जो उपर्युक्त उल्लिखित दोनों का समकालीन था, ईसा मसीह की माँ मैडोना के चित्र के लिए प्रसिद्ध था।



मैडोना, द मदर ऑफ़ जीसस: राफेल

### संगीत (Music)

संगीत-सृजन के क्षेत्र भी में विज्ञान ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। संगीतकारों को विज्ञान के ज़रिए यह जानने का अवसर मिला कि तार वाले वाद्ययंत्रों पर तार के प्रसरण एवं आकुंचन से तारत्व/स्वर (Pitch) कैसे बदलता है। संगीतकारों ने ग्रीक नाटक का अध्ययन किया और ऐसा संगीत बनाने की कोशिश की, जो उनकी कहानियों के शब्दों के अनुरूप हो। यह गीतिनाटय (Opera) का आरंभ था, जिसमें संगीत और रंगमंच का मिश्रण होता है।

इस अवधि के दौरान बाख के संगीत को भी लोकप्रियता मिली।

### साहित्य (Literature)

पुनर्जागरणकालीन साहित्य का आरंभ शास्त्रीय ग्रीक और रोमन शिक्षा में नई रुचि के साथ हुआ। प्रिंटिंग प्रेस के आविष्कार और कैथोलिक चर्च के व्यक्तियों पर सीमित होते प्रभाव जैसे अन्य कारकों ने पुनर्जागरण लेखकों को अपनी मान्यताओं को नए तरीकों से व्यक्त करने में सक्षम बनाया। इस दौरान लेखन कला के क्षेत्र में ऐतिहासिक वृद्धि हुई। उस काल के कुछ महान लेखकों का विवरण निम्नलिखित है:

- इस दिशा में पहली प्रमुख रचना दांते की 'डिवाइन कॉमेडी' (Divine Comedy) थी। यह पुस्तक इतालवी भाषा में लिखी गई थी और जन-साधारण के लिए लिखी गई थी। इस पुस्तक में स्वर्ग, नर्क और परलोक का वर्णन किया गया है। इसमें दांते ने अपने देश के प्रति प्रेम, प्रकृति के प्रेम के साथ-साथ व्यक्ति की भूमिका जैसे नए विषयों को प्रस्तुत किया।
- मार्टिन लूथर की पुस्तक 'नाइंटी-फाइव थीसिस' (Ninety-Five Theses) ने लोगों को बहुत प्रभावित किया। लूथर ने चर्च में पादरियों द्वारा किए जाने वाले दुर्व्यवहारों के बारे में लोगों को जागरूक कर ईसाई धर्म को हमेशा के लिए बदल दिया था। उसे कभी-कभी "प्रोटेस्टेंटवाद के जनक" के रूप में भी जाना जाता है।
- निकोलस कॉपरनिकस की पुस्तक ने सिद्ध किया कि सूर्य 24 घंटे पृथ्वी के चारों ओर नहीं घूमता है। उसकी पुस्तक ने बताया कि पृथ्वी, ब्रह्मांड का केंद्र नहीं थी।
- निकोलो मैकियावेली ने अपनी पुस्तक 'द प्रिंस' में लिखा है कि राजनीति में धर्म या नैतिकता के लिए कोई जगह नहीं है। ऐसा माना जाता है कि 'सत्ता की राजनीति' का आधार इसी पुस्तक में था।
- विलियम शेक्सपियर को अब तक के सबसे महान लेखकों में से एक माना जाता है। उसने कम-से-कम 37 नाटक और 154 गीत लिखे थे।



विलियम शेक्सपियर

## 1.5 धर्मसुधार [Reformation (16th Century)]

यह धार्मिक क्रांति 16वीं सदी में पश्चिमी चर्च में हुई थी। सुधार का आरंभ कैथोलिक चर्च के विरुद्ध एक विरोध आंदोलन के रूप में हुआ था। यह एक लोकप्रिय आंदोलन था, जो संपूर्ण चर्च व्यवस्था में बदलाव चाहता था। सुधारकों ने परिवर्तन के कुछ प्रमुख क्षेत्रों को लक्षित किया। उन्होंने पादरी वर्ग के नैतिक जीवन में सुधार लाने की कोशिश की। निःसंदेह इस आंदोलन के सबसे महान नेता मार्टिन लूथर और जॉन कैल्विन थे। दूरगामी राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक प्रभावों के साथ हुआ सुधार प्रोटेस्टेंटवाद (Protestentis) की स्थापना का आधार बन गया था। सुधार दो संदर्भों में हुआ: प्रोटेस्टेंट सुधार और कैथोलिक सुधार।

### कैथोलिक चर्च की बुराइयाँ (Evils of Catholic Church)

- पोप की राजशाही/सर्वोच्चता,
- चर्च की भ्रष्ट प्रथाएँ; जैसे:- सबसे अधिक बोली लगाने वाले को "पाप-मोचन पत्र" (Letter of Indulgence) की बिक्री करना (स्वर्ग के लिए पासपोर्ट),

- केवल लैटिन भाषा का उपयोग (किसी सर्व-सामान्य भाषा का उपयोग नहीं),
- विधर्मियों और विरोधियों का उत्पीड़न,
- धर्मयुद्ध,
- मध्यकालीन यूरोप में यहूदी विरोधी भावना,
- रूढ़िवादी चर्च के साथ संबंध,
- यौन-शोषण विवाद आदि।

## प्रोटेस्टेंट धर्म-सुधार (Protestant Reformation)

धर्म-सुधार आंदोलन के दौरान कैथोलिक धर्म की प्रथाओं पर सवाल उठाए गए और मार्टिन लूथर (1483-1546) जैसे महापुरुषों की मान्यताओं ने प्रोटेस्टेंटवाद नामक एक नई विचारधारा को प्रेरित किया। जब सम्राट चार्ल्स पंचम् ने कैथोलिक धर्म का प्रबल समर्थन किया और नए धर्म-सुधार आंदोलन के विरुद्ध कई कठोर निर्देश पारित किए, तब मार्टिन लूथर के समर्थकों ने इसका विरोध किया और इस विरोध व प्रतिवाद के कारण इस धर्म-सुधार आंदोलन का नाम प्रोटेस्टेंट पड़ा। इसमें कई सुधारात्मक विरोध प्रदर्शन हुए, जो रोमन कैथोलिक चर्च के आधिपत्य और भ्रष्ट प्रथाओं को दूर करना चाहते थे।

## मार्टिन लूथर (Martin Luther)

1516 ईसवी में प्रोटेस्टेंट सुधार आंदोलन व्यापक स्तर पर आरंभ हुआ। 1517 ईसवी में मार्टिन लूथर ने कैथोलिक चर्च की भोग-विलास की प्रथा के विरोध में एक विद्वतापूर्ण आलोचना "95 थीसिस" लिखी। 95 थीसिस में लूथर ने इस बात को अस्वीकार किया कि चर्च के पोप के पास पापों को क्षमा करने का अधिकार है। उसने इस पुस्तक की एक प्रति विटनबर्ग में कैसल चर्च के दरवाज़े पर रख दी, जिसे बाद में जर्मन से लैटिन में अनुवादित और मुद्रित किया गया व इसे पूरे यूरोप में वितरित किया गया, जिससे प्रोटेस्टेंट सुधार हुआ।

## कैथोलिक पुनरुद्धार (Catholic Counter Reformation)

- कैथोलिक प्रति-सुधार आंदोलन, जिसे कैथोलिक पुनरुद्धार भी कहा जाता है, 16वीं और 17वीं शताब्दी के आरंभ में रोमन कैथोलिक चर्च के सुधार और आंतरिक नवीनीकरण के प्रयास थे। यह आंदोलन प्रोटेस्टेंट सुधार का उत्तर था। ये सुधार लगभग उसी समय हुए, जब प्रोटेस्टेंट सुधार भी हो रहे थे।
- यह सुधार पुनर्जागरण के दौरान पोप और कई पादरियों के सांसारिक दृष्टिकोण और नीतियों की आलोचना के साथ शुरू होता है। धार्मिक पुनरुद्धार को प्रभावित करने के लिए नए धार्मिक आदेशों और अन्य समूहों की स्थापना की गई थी।
- पोप पॉल-III (पोप काल 1534-49) को प्रथम सुधारवादी पोप माना जाता है। उसने ही 1545 ईसवी में ट्रेंट काउंसिल बुलाई थी।
- इस काउंसिल ने 1563 ईसवी तक कई बैठकें कीं और समकालीन मुद्दों पर प्रबल प्रतिक्रिया प्रस्तुत की। इसकी सैद्धांतिक शिक्षा, विश्वास व ईश्वर की कृपा की भूमिका के लूथरवादी दृष्टिकोण और प्रोटेस्टेंट पंथ की धार्मिक विधियों की संख्या और प्रकृति के विरुद्ध एक प्रतिक्रिया थी।
- अनुशासनात्मक सुधारों ने पादरियों (Clergy) के भ्रष्ट आचरण पर प्रहार किया। पादरी पद के उम्मीदवारों के प्रशिक्षण को विनियमित करने का एक प्रयास किया गया था; पादरियों के विलासितापूर्ण जीवन, चर्च कार्यालय में संबंधियों की नियुक्ति और उनके धर्म-प्रदेशों (Dioceses) से बिशपों की अनुपस्थिति के विरुद्ध उपाय किए गए थे।
- कैथोलिक सुधार मध्यकालीन चर्च के सिद्धांत और संरचना की एक पुष्टि थे। यह केवल उन सुधारों की वकालत कर रहे थे, जो इसकी प्रभावशीलता को बनाए रख सकते थे।



## 1.6 नई भूमि का अन्वेषण और खोज (Exploration and Discovery of New Lands)

### अमेरिका

15वीं और 16वीं शताब्दी के दौरान कई यूरोपीय देशों के राजाओं ने इस उम्मीद में विदेशी अभियानों किए कि खोजकर्ताओं को अपार धन और विशाल अज्ञात भूमि मिलेगी। पुर्तगाली इस "खोज के युग" में सबसे पहले भागीदार थे। अन्य यूरोपीय राष्ट्र, विशेष रूप से स्पेन, "सुदूर पूर्व" की अनुमानित असीमित संपत्ति को साझा करने के लिए उत्सुक थे। 15वीं शताब्दी के अंत तक स्पेन का "रिकोनक्विस्टा" (सदियों के युद्ध के बाद यहूदियों और मुसलमानों को राज्य से बाहर निकालना) पूरा हो गया और उसके बाद इस राष्ट्र ने अपना ध्यान दुनिया के अन्य क्षेत्रों में अन्वेषण और विजय की ओर लगाया।


अमेरिगो वेस्पुची

15वीं शताब्दी के अंत में स्थल मार्ग से यूरोप से एशिया तक पहुँचना लगभग असंभव था। स्थल मार्ग लंबा व कठिन था और शत्रु सेनाओं के साथ मुठभेड़ से बचना भी आसान नहीं था। पुर्तगाली खोजकर्ताओं ने समुद्री मार्ग खोजकर इस समस्या का समाधान किया: वे पश्चिम अफ़्रीकी तट के साथ-साथ और केप ऑफ़ गुड होप के आस-पास दक्षिण की ओर रवाना हुए। कोलंबस और उसका दल अटलांटिक महासागर में तीन महीने गुज़ारने के बाद हिस्पनिओला द्वीप (Hispaniola Island) पर पहुँचा।

हालाँकि, कोलंबस का मानना था कि वह एशिया पहुँच गया है, लेकिन वास्तव में उसने उत्तरी अमेरिका के पूरे महाद्वीप की खोज कर ली थी।

इस प्रकार संयोगवश ही सही, कोलंबस द्वारा 'एक नई दुनिया' की खोज की गई। 1500 ईसवी में अमेरिगो वेस्पुची अटलांटिक महासागर और एशिया के मानचित्र तैयार करने में सफल रहा, जो व्यापार और नौपरिवहन दोनों उद्देश्यों के लिए बहुत उपयोगी सिद्ध हुए।

### भारत

भारत के लिए समुद्री मार्ग खोजने की योजना, पुर्तगालियों द्वारा एशिया के साथ व्यापार में लागत बचत (Cost saving) के उपाय के रूप में और मसाला व्यापार पर एकाधिकार स्थापित करने के प्रयास के रूप में बनाई गई थी। पुर्तगाल के नाविक प्रिंस हेनरी ने अफ़्रीकी तट की यात्राओं के आधार पर मानचित्र बनाकर नाविकों को प्रोत्साहित किया। एक व्यक्ति बार्थोलोम्यू डियाज, अफ़्रीका के दक्षिणतम बिंदु तक पहुँच गया था, जिसे पुर्तगालियों ने बाद में केप ऑफ़ गुड होप (उत्तमाशा अंतरीप) का नाम दिया था।


वास्को डी गामा



चित्र: वास्को डी गामा का यात्रा मार्ग

पुर्तगाली कुलीन वास्को द गामा (1460–1524) भारत पहुँचने और यूरोप से पूर्व तक एक समुद्री मार्ग खोजने के लिए 1497 ईसवी में लिस्बन से रवाना हुआ। अफ़्रीका के पश्चिमी तट से होते हुए केप ऑफ़ गुड होप का चक्कर लगाने के बाद वास्को द गामा मई 1498 में भारत के कालीकट तट पर पहुँचा। वास्को द गामा का पुर्तगाल में एक नायक की तरह स्वागत किया गया। उसे पुन: 1502 ईसवी में भारत में दूसरे अभियान के लिए भेजा गया और इस दौरान उसकी मुस्लिम व्यापारियों के साथ झड़प हुई। दो दशक बाद वास्को द गामा फिर से भारत आया। इस बार वह पुर्तगाली वायसराय के रूप में भारत आया था।

## 1.7 व्यापार और व्यापारिक नगरों का उद्भव (Emergence of Trade and Trading Towns)

हालाँकि, विद्वानों ने प्रारंभिक मध्य युग के दौरान व्यापार और शहरी जीवन पर विस्तृत चर्चा की है, किंतु इस बात पर आम सहमति है कि धर्मयुद्ध से पहले व्यापार गतिविधियों में स्पष्ट वृद्धि देखी जा सकती थी।

इस उत्तरी व्यापार प्रणाली का केंद्र फ्लैंडर्स काउंटी (निम्न देशों का एक ऐतिहासिक भू-भाग) था। 1050 ईसवी तक फ्लेमिश कारीगर (Flemish artisans) द्वारा उत्पादित गुणवत्तापूर्ण ऊनी कपड़े के उत्पादों की भारी माँग थी। फ्लेमिश कपड़े के बदले बाल्टिक फर, शहद और वन उत्पाद, ब्रिटिश टिन और कच्च ऊन का आदान-प्रदान किया गया। इटली के रास्ते दक्षिण से प्राच्य विलासिता का सामान (Oriental Luxury Goods) आता था, जिसमें प्रमुख थे- रेशम, चीनी और मसाले।

मध्ययुगीन वाणिज्यिक क्रांति का प्रमुख उत्प्रेरक (Catalyst) भूमध्य सागरीय व्यापार क्षेत्र का खुलना था। ग्यारहवीं शताब्दी में इटली ने पूर्वी भूमध्य सागर पर मुस्लिम नियंत्रण को समाप्त कर दिया और प्रथम धर्मयुद्ध के कारण निकट पूर्व के साथ व्यापार को पुनर्जीवित करने में मदद मिली। अरब जहाज पूर्व से विलासिता का सामान फ़ारस की खाड़ी और लाल सागर के बंदरगाहों तक लाते थे। वहाँ से उन्हें कारवाँ द्वारा अलेक्जेंड्रिया, एकर और जोप्पा भेजा जाता था और उन बंदरगाहों से वेनिस, जेनोआ और पीसा के व्यापारी यूरोप के बाज़ारों के रास्ते इटली तक माल पहुँचाते थे। एशिया से अन्य व्यापारिक मार्ग बगदाद और दमिश्क से होते हुए क्रूसेडर राज्यों (मध्य-पूर्व में चार कैथोलिक क्षेत्र) में टायर और सिडोन जैसे बंदरगाहों तक पहुँचते थे। भूमध्य सागर से उत्तर की ओर सबसे आसान मार्ग मार्सिले और रोन घाटी तक था।

चौदहवीं शताब्दी के आरंभ में यूरोप में दो अन्य प्रमुख व्यापार मार्ग विकसित हुए थे। एक संपूर्ण समुद्री मार्ग जिब्राल्टर जलडमरूमध्य के माध्यम से भूमध्य सागर को उत्तरी यूरोप से जोड़ता था। उत्तरी इटली से अल्पाइन दर्रों के माध्यम से मध्य यूरोप तक का पुराना भूमिगत मार्ग भी विकसित किया गया था। वेनिस और अन्य उत्तरी इतालवी शहरों से, ब्रेनर जैसे दर्रों के माध्यम से व्यापार हुआ, जिससे रोन घाटी मार्ग और शैंपेन के प्रसिद्ध मेलों के व्यापार में तेज़ी से कमी आई थी।

### नगरों के उदय के कारक (Factors for the Rise of Towns)

यूरोप में व्यापार का पुनरुत्थान (Resurgence of Trade) शहरों के पुनरुद्धार (Revival of Forms) का एक प्रमुख कारण था। नगरों का उदय व्यापार के कारण हुआ। नगरों ने बड़े बाज़ार उपलब्ध कराकर और व्यापारियों को बेचने के लिए सामान तैयार करके, व्यापार को भी प्रोत्साहित किया था। इस पुनरुद्धार में भूगोल ने भी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। नदियाँ, जो प्राचीन सभ्यताओं के विकास में महत्त्वपूर्ण थीं, मध्यकालीन शहरों के विकास में भी महत्त्वपूर्ण थीं। वे प्राकृतिक राजमार्ग की तरह कार्य करती थीं, जिनसे वाणिज्यिक का सामान आसानी से पहुँचाया जा सकता था। शहरों के विकास में योगदान देने वाला एक अन्य कारक जनसंख्या वृद्धि भी थी। उदाहरण के लिए, ब्रिटेन में 1066 और 1350 ईसवी के बीच जनसंख्या तीन गुना से अधिक हो गई थी। जनसंख्या में इस तीव्र वृद्धि के कई कारण थे। विदेशी आक्रमणों की समाप्ति और कुछ क्षेत्रों में सामंती, समाज के स्थिरीकरण (Stabilization of Society) में योगदान देने वाले कारक थे। बंजर भूमि की खेती, जंगलों की सफाई और दलदली क्षेत्र में कृषि से खाद्य उत्पादन में वृद्धि हुई थी। एक अन्य कारक, जिसमें व्यापारी और शिल्प संघों ने मदद की, व्यापार और कस्बों का निर्माण करना था। यूरोप में एक नए वर्ग का उदय हुआ - एक शक्तिशाली, स्वतंत्र और आत्मविश्वासी समूह, जिसकी व्यापार में रुचि सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक इतिहास में क्रांति लाने हेतु थी। इस वर्ग ने नए व्यापार और व्यापारिक नगर स्थापित करने में सहायता की।

## 1.8 राष्ट्र-राष्ट्रों का उदय (Rise of Nation States)

### परिचय (Introduction)

13वीं सदी के यूरोप में आधुनिक यूरोप की तुलना में कम राष्ट्र थे। तब यूरोप पर हज़ारों सामंतों और राजनीतिक इकाइयों का शासन था या जिन राष्ट्रों से हम अब परिचित हैं, वे अस्तित्व में ही नहीं थे।

12वीं शताब्दी में पवित्र रोमन साम्राज्य अस्तित्व में आया। इसने एक सार्वभौमिक साम्राज्य होने का दावा किया था, हालाँकि इसमें

मुख्य रूप से जर्मनी और इटली शामिल थे और इन क्षेत्रों में भी सम्राट का नियंत्रण सीमित था। राजनीतिक विकास की प्रक्रिया, जिसका अंतिम रूप वर्तमान में "स्वतंत्र और संप्रभु राष्ट्र राज्य" के रूप में दिखता है, पुनर्जागरण और सुधार आंदोलन के दौरान आरंभ हुई थी।

### अंग्रेज़ी क्रांति (English Revolution)

अंग्रेज़ी क्रांति का उपयोग दो अलग-अलग घटनाओं का वर्णन करने के लिए किया गया है। व्हिग इतिहासकारों (इतिहास लेखन का एक दृष्टिकोण) द्वारा सबसे पहले इसे 1688 ईसवी की गौरवशाली क्रांति (Glorius Revolution of 1688) कहा गया था, जिसके तहत जेम्स द्वितीय को विलियम-III और मैरी द्वितीय द्वारा राजा के रूप में प्रतिस्थापित किया गया था और एक संवैधानिक राजतंत्र (Constitutional Monarchy) की स्थापना की गई थी। हालाँकि, बीसवीं सदी में मार्क्सवादी इतिहासकारों ने महान विद्रोह और राष्ट्रमंडल काल (1640-1660) की अवधि का वर्णन करने के लिए "अंग्रेज़ी क्रांति" शब्द की शुरुआत की थी, जिसमें संसद ने किंग चार्ल्स प्रथम के अधिकार को चुनौती दी और 1649 ईसवी में किंग चार्ल्स प्रथम की हत्या कर दी गई थी। इसके बाद 1660 में चार्ल्स के बेटे, चार्ल्स द्वितीय के रूप में राजतंत्र के पुनर्स्थापित होने से पहले रूढ़िवादी गणतंत्र सरकार "कॉमनवेल्थ" का दस वर्ष का कार्यकाल आया था।

उपर्युक्त विवरण से पता चलता है कि ब्रिटेन में संसद द्वारा सुधार और एकीकरण की लंबी प्रक्रिया के ज़रिए "अंग्रेज़ी क्रांति" के माध्यम एक संतुलित संवैधानिक राजतंत्र स्थापित किया जा सका था। इस दौरान क़ानून बनाए गए थे, जो स्वतंत्रता को सुनिश्चित करते थे।

■■■■




**पुनर्जागरण**

| कारण | प्रभाव |
|---|---|
| धर्म युद्ध | मानवतावाद का विकास |
| व्यापार व वाणिज्य का विकास | कला में यथार्थवाद का समन्वय |
| प्रिंटिंग प्रेस का विकास | तर्क और तार्किकता का विकास |
| तुर्कों द्वारा कुस्तुनतुनिया पर अधिकार | नई वैज्ञानिक खोजें |
| मंगोलिया साम्राज्य का उदय | अन्वेषण और साहसिक कार्य |
| नए विचारों का उद्भव | धर्म सुधार आंदोलन |
| कला का संरक्षण | व्यापारिक नगरों का विकास |

## विश्व का मानचित्र (1450-1750)

